X

## मण्डल अलीगढ़ की दिनांक 10 से 13 जुलाई 2024 तक राज्य स्तरीय टीम के द्वारा की गयी वित्तीय एवं भौतिक समीक्षा/सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की निरीक्षण आख्या/कार्यवृत्त

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के कार्यालय पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0एण्डई0/2024–25/04/1873–2 दिनांक 04.07.2024 के निर्देशानुसार 03 सदस्यीय राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दिनांक 10 से 13 जुलाई 2024 तक मण्डल अलीगढ़ की वित्तीय एवं भौतिक समीक्षा/सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया।

### राज्य स्तरीय भ्रमण कर्ता टीम के सदस्य–

- श्री अता उर रब, उपमहाप्रबन्धक–कम्युनिटी प्रोसेस, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
- श्री पुरन्जय प्रताप सिंह, कार्यक्रम समन्वयक, एम0एण्डई0, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
- श्री वाहिद रिजवी, इन्टरनल ऑडीटर, वित्त अनुभाग, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।

### राज्य स्तरीय टीम के द्वारा की गयी गतिविधियां–

- ❖ आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आसपुर, ब्लॉक सकीट, जनपद एटा का स्थलीय पर्यवेक्षण।
- ❖ मण्डलीय समीक्षा बैठक, अपर निदेशक कार्यालय का सभागार कक्ष, जनपद–अलीगढ़।
- ❖ जनपद अलीगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–जवां में कम्युनिटी हैल्थ आफीसर (सी0एच0ओ0) की मासिक समीक्षा बैठक में प्रतिभागिता।
- ❖ जनपद अलीगढ़, कासगंज एवं एटा के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों (प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं ब्लॉक लेखा प्रबन्धक) के साथ जनपद स्तर पर एफ0एम0आर0 वार व्यय की समीक्षा।
- ❖ जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के अधिकारियों/विभागाध्यक्षों/फैकल्टी के सदस्यों के साथ एन0एच0एम0 के बजट को व्यय किये जाने की कार्ययोजना पर चर्चा/बैठक।

### आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, आसपुर, ब्लॉक सकीट, जनपद एटा (दिनांकः 10.07.2024)

राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दिनांक 10.07.2024 को जनपद एटा के ब्लॉक सकीट में आयुष्मान आरोग्य मन्दिर आसपुर का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया। निरीक्षण के समय केन्द्र की सी0एच0ओ0, ब्लाक स्तर से प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं बी0पी0एम0 तथा जनपद स्तर से जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दु निम्नवत हैं–

| अवलोकन बिन्दु | दिये गये निर्देश | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|
| 1. ए0एम0एस0 के माध्यम से नियमित रूप से उपस्थिति अंकित की जा रही है। एम0ओ0आई0सी0 के द्वारा जूम के माध्यम से भी भौतिक परीक्षण किया जा रहा है।<br>2. आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में प्रति माह लगभग 400 ओ0पी0डी0 की जा रही है।<br>3. डी0वी0डी0एम0एस0 के माध्यम से दवाओं का इन्डेन्ट किया जा रहा है। 58 औषधियों में से 34 दवाओं की उपलब्धता पायी गयी जिसकी | ▪ 30 वर्ष से अधिक के समस्त मरीजों की स्क्रीनिंग सी–बैक फार्म में की जानी सुनिश्चित करें।<br>▪ अनटाइड फन्ड का समुचित उपयोग सुनिश्चित करें जिससे शेष बजट का आवंटन किया जा सके।<br>▪ आयुष्मान आरोग्य मंदिर में | सी0एच0ओ0/ प्रभारी चिकित्साधिकारी, सकीट |

| | | |
|---|---|---|
| सूची कागज पर लिखकर प्रदर्शित की गयी थी।<br>4. निर्धारित 14 जांचों में से 08–09 जांचें ही की जा रही हैं। हीमोग्लोबिनोमीटर खराब पाया गया।<br>5. पोर्टल पर सी0एच0ओ0 के द्वारा कुल 786 स्क्रीनिंग की गयी हैं।<br>6. जन आरोग्य समिति (जे0ए0एस0) गठित है तथा नियमित रूप से बैठक भी की जा रही है।<br>7. केन्द्र में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था थी किन्तु पावर कट होने पर बैकअप उपलब्ध नहीं था।<br>8. पानी की टंकी उपलब्ध थी किन्तु पानी भरने की कोई व्यवस्था नहीं थी। | उपलब्ध 12 प्रकार की सेवाओं तथा 14 प्रकार की जांचों की सूची को प्रदर्शित करें। साथ ही उपलब्ध दवाओं की सूची को प्रदर्शित करें।<br>▪ इन्वर्टर की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिये गये तथा टंकी में पानी भरने हेतु मोटर की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया।<br>▪ केन्द्र के परिसर में फर्श बनाने हेतु समन्वय सथापित करते हुये कार्य कराने के निर्देश दिये गये। | |

**मण्डलीय अपर निदेशक की अध्यक्षता में मण्डलीय वित्तीय समीक्षा बैठक (दिनांकः 11.07.2024)**

दिनांक 11.07.2024 को मण्डलीय अपर निदेशक की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागार कक्ष में आयोजित मण्डलीय वित्तीय समीक्षा बैठक में राज्य स्तरीय टीम के द्वारा प्रतिभागिता की गयी। बैठक में कमिटेड बजट तथा आवंटित बजट के सापेक्ष किये गये व्यय की समीक्षा की गयी तथा उपलब्ध बजट के व्यय की कार्ययोजना पर चर्चा की गयी। बजट से सम्बन्धित विवरण आख्या के साथ संलग्न है।

**समीक्षा बैठक में मंडल एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए गएः–**

1. जिन मदों में कमिटेड बजट के सापेक्ष कम व्यय हुआ हैं उन मदों की समीक्षा कर के नियमानुसार व्यय बढाये जाने के निर्देश दिए गए।
2. वित्तीय वर्ष 2024–25 में जनपद अलीगढ एवं कासगंज का कमिटेड धनराशि के सापेक्ष व्यय प्रतिशत काफी कम है। दोनों जनपदो को यह निर्देशित किया गया कि कमिटेड बजट में जिन मदों में वास्तविकदेयता के सापेक्ष भुगतान लंबित है उन्हें 03 कार्यदिवस में पूर्ण करना सुनिश्चितकरें।
3. कमिटेड धनराशि जिसकी लॉयबिलिटी हो उन्हीं धनराशि को व्यय हेतु कार्ययोजना बनाकर नियमानुसार व्यय करायें एवं शेष धनराशि को सरेण्डर करते हुये राज्य स्तर को पत्र द्वारा सूचित करें।
4. पी.बी.आई./विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत लाभार्थियों के भुगतान, आशा भुगतान, संविदा कर्मचारियों के वेतन आदि की नियमित समीक्षा करते हुये व्यय कराये जाने के निर्देश दिए गए।
5. जिन जनपदों में आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओ हेतु निविदा किया जाना शेष हैं उन्हें निर्देशित किया गया कि नियमानुसार निविदा की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करायें।
6. लेखा प्रबंधक द्वारा प्रत्येक माह मुख्य चिकित्साधिकारी एवं सम्बंधित कार्यकम अधिकारियों को वित्तीय समीक्षा हेतु एफ.एम.आर. कोडवार व्यय की सूचना उपलब्ध करायें ताकि कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा स्वयं के स्तर से भौतिक समीक्षा के साथ–साथ वित्तीय समीक्षा भी की जा सके।
7. जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी ब्लाक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने ब्लाक के कमिटेड एवं इस वित्तीय वर्ष में प्राप्त बजट की समीक्षा कर जिन मदों में व्यय अपेक्षाकृत कम हुआ है उसके सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करायें।

8. कई ब्लाक लेखा प्रबंधको द्वारा कमिटेड बजट में वास्तविक देनदारी से अधिक बजट कमिट कराया गया था जिसके सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि आगामी वित्तीय वर्ष से वास्तविक देनदारी के सापेक्ष ही बजट कमिट कराया जाये।
9. जिस धनराशि का व्यय किया जा चुका है, उसको अविलम्ब एफ.ए.एम.एस. पोर्टल पर व्यय अंकन कराना सुनिश्चित करें।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–जवां, जनपद–अलीगढ़ में कम्युनिटी हैल्थ आफीसर (सी0एच0ओ0) की मासिक समीक्षा बैठक (दिनांकः 11.07.2024)**

दिनांक 11.07.2024 को मण्डलीय वित्तीय समीक्षा बैठक के उपरान्त राज्य स्तरीय टीम के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–जवां, जनपद–अलीगढ़ में कम्युनिटी हैल्थ आफीसर (सी0एच0ओ0) की मासिक समीक्षा बैठक में प्रतिभागिता की गयी। बैठक में सी0एच0ओ0 के द्वारा किये जा रहें कार्यों एवं प्रगति की समीक्षा की गयी तथा आवंटित/उपलब्ध बजट के व्यय की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गयी।

**जनपद अलीगढ़, कासगंज एवं एटा में जनपद स्तर पर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ वित्तीय समीक्षा बैठक (दिनांकः 12.07.2024)**

दिनांक 12.07.2024 को राज्य स्तरीय टीम के द्वारा 03 टीमों में विभक्त होकर जनपद अलीगढ़, कासगंज एवं एटा में जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में कमिटेड बजट तथा आवंटित बजट के सापेक्ष किये गये व्यय की समीक्षा की गयी तथा उपलब्ध बजट के अधिकाधिक व्यय की कार्ययोजना पर चर्चा की गयी।

**आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मण्डी समिति, जनपद एटा (दिनांकः 12.07.2024)**

राज्य स्तरीय टीम के द्वारा दिनांक 12.07.2024 को जनपद एटा के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, **शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मण्डी समिति** का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया। निरीक्षण के समय केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी, जिला अर्बन हैल्थ कोआर्डिनेटर एवं मण्डलीय अरबन कन्सलटेन्ट उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दु एवं दिये गये निर्देश निम्नवत हैं–

| अवलोकन बिन्दु | दिये गये निर्देश | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|
| 1. नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर में झाड़ियां उगी हुई थीं। सफाई का अभाव था।<br>2. चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं औषधियों को प्रदर्शित नहीं किया गया था।<br>3. आई0ई0सी0 की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी।<br>4. केन्द्र में प्रति दिन लगभग 45 ओ0पी0डी0 की जा रही थी।<br>5. डी0वी0डी0एम0एस0 के माध्यम से दवाओं का इन्डेन्ट किया जा रहा है तथा औषधियों की व्यवस्था पायी गयी।<br>6. निर्धारित जांचों में से सिकल सेल टेस्ट, वाटर क्वालिटी टेस्ट, सीरम बिलुरबिन एवं TC,DC, Platelet count इत्यादि जांचें नहीं की जा रही हैं।<br>7. 438 मरीजों की एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग की गयी है, | ▪ परिसर में उगी हुई झाड़ियों को कटवाने एवं साफ–सफाई करवाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>▪ चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा जांचों की सूची को प्रदर्शित करें। साथ ही उपलब्ध दवाओं की सूची को भी प्रदर्शित करें।<br>▪ 30 वर्ष से अधिक के समस्त मरीजों की स्क्रीनिंग सी–बैक फार्म में की जानी सुनिश्चित करें। | प्रभारी चिकित्साधिकारी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मण्डी समिति |

| | | |
|---|---|---|
| जिसमें से 54 हाइपरटेंशन एवं 48 मधुमेह के रोगी पाये गये। सी–बैक फार्म भरे जा रहे हैं।<br>8. केन्द्र में बिजली आपूर्ति, जनरेटर एवं रनिंग वाटर की व्यवस्था थी।<br>9. लेबर रूम में डिजीटल घड़ी उपलब्ध नहीं है। | ▪ अनटाइड फन्ड का समुचित उपयोग सुनिश्चित करें जिससे शेष बजट का आवंटन किया जा सके। | |

**जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के अधिकारियों/विभागाध्यक्षों/फैकल्टी के सदस्यों के साथ एन0एच0एम0 के बजट को व्यय किये जाने की कार्ययोजना पर चर्चा/बैठक (दिनांकः 13.07.2024)**

दिनांक 13.07.2024 को राज्य स्तरीय टीम के द्वारा जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के अधिकारियों/विभागाध्यक्षों/फैकल्टी के सदस्यों तथा मुख्य चिकित्साधिकारी, अलीगढ़ एवं अन्य जनपदीय अधिकारियों के साथ एन0एच0एम0 के बजट की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में कमिटेड बजट तथा आवंटित बजट के सापेक्ष किये गये व्यय की समीक्षा की गयी तथा उपलब्ध बजट के अधिकाधिक व्यय की कार्ययोजना पर चर्चा की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| **(पुरन्जय प्रताप सिंह)**<br>कार्यक्रम समन्वयक | **(वाहिद रिजवी)**<br>इन्टरनल ऑडिटर | **(अता उर रब)**<br>उपमहाप्रबन्धक–कम्युनिटी प्रोसेस |

# Aligarh Division Financial status

| Aligarh Division (Committed Budget as on Dated 13.07.24) | | | | In Lakh |
|---|---|---|---|---|
| District | Total Budget (Committed) | Expenditure | Unspend Budget | Percentage |
| Aligarh | 3,536.78 | 366.21 | 3,170.57 | 9.66 |
| Kasganj | 701.99 | 98.30 | 603.69 | 7.14 |
| Etah | 797.80 | 114.26 | 683.54 | 6.98 |
| Hathras | 307.03 | 49.97 | 257.06 | 6.14 |
| Total | **5,343.60** | **628.74** | **4,714.86** | **29.93** |

| Aligarh Division Budget (During this Year Budget as on Dated 13.07.24) | | | | In Lakh |
|---|---|---|---|---|
| District | Total Budget (During this Year Budget) | Expenditure | Unspend Budget | Percentage |
| Aligarh | 17694.27 | 2,173.93 | 15,520.34 | 8.14 |
| Etah | 7383.80 | 906.96 | 6,476.83 | 8.14 |
| Hathras | 6679.07 | 939.79 | 5,739.28 | 7.11 |
| Kasganj | 6476.58 | 708.70 | 5,767.88 | 9.14 |
| Total | **38233.72** | **4,729.39** | **33,504.34** | **32.53** |

| Aligarh Division | | | | In Lakh |
|---|---|---|---|---|
| District | Total Budget (During this Year Budget) | Expenditure (10.07.24) | Expenditure (13.07.24) | Total Spend Budget (During Visit) |
| Aligarh | 17694.27 | 1792.88 | 2,173.93 | 381.06 |
| Etah | 7383.80 | 635.88 | 906.96 | 271.09 |
| Hathras | 6679.07 | 856.45 | 939.79 | 83.34 |
| Kasganj | 6476.58 | 436.52 | 708.70 | 272.18 |
| Total | **38233.72** | **3721.73** | **4,729.39** | **1,007.66** |

| Aligarh Division | | | | In Lakh |
|---|---|---|---|---|
| District | Total Budget (Committed) | Expenditure (10.07.24) | Expenditure (13.07.24) | Total Spend Budget (During Visit) |
| Aligarh | 3,536.78 | 351.66 | 366.21 | 14.55 |
| Kasganj | 701.99 | 31.36 | 98.30 | 66.94 |
| Etah | 797.80 | 75.47 | 114.26 | 38.79 |
| Hathras | 307.03 | 32.06 | 49.97 | 17.91 |
| Total | **5,343.60** | **490.55** | **628.74** | **138.19** |

| In Lakh | |
|---|---|
| Total (During this Year+Committed) | **1,145.85** |